Date: 10th February, 2026

| | |
|---|---|
| To | To |
| National Stock Exchange of India Limited | BSE Limited |
| Exchange Plaza, C-1, Block G | Phiroze Jeejeebhoy Towers |
| Bandra Kurla Complex | Dalal Street |
| Bandra (E), Mumbai – 400 051 | Mumbai – 400001 |
| **Scrip Symbol: EIEL** | **Scrip Code: 544290** |

**Sub: Newspaper Publication – Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2025**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we have published the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2025 in the "Business Standard" (English) and the "Business Standard" (Hindi) today i.e. 10th February, 2026. Copies of the newspaper cuttings are attached herewith.

Kindly take the above information on record.

**For Enviro Infra Engineers Limited**

PIYUSH JAIN Digitally signed by PIYUSH JAIN Date: 2026.02.10 10:04:59 +05'30'

**(Piyush Jain)**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**A57000**

**Encl: a/a**

201, 2nd Floor, R.G. Metro Arcade,
Sector -11, Rohini, Delhi -110085
Phone : 011-40591549, 47563394
email : ho@eiepl.in, website : www.eiel.in

CIN NO. : L37003DL2009PLC191418

# ENVIRO INFRA ENGINEERS LIMITED

CIN: L37003DL2009PLC191418
**Regd. Office:** Unit No. 201, 2nd Floor, RG Metro Arcade, Sector-11, Rohini, New Delhi-110085
**PHONE:** 011-40591549, **EMAIL:** ho@eiepl.in, **WEBSITE:** www.eiel.in

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER 2025**

| Sr. No | Particulars | STANDALONE | | | | | | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Month Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Nine Month Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2025 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited | 31.12.2025 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | **Total Income from operations** | 23,971.36 | 22,519.77 | 25,248.63 | 70,743.80 | 67,420.66 | 107,114.75 | 25,847.72 | 24,139.34 | 25,279.41 | 74,906.33 | 68,180.09 | 108,546.86 |
| 2 | **"Net Profit / (Loss) for the period** (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) " | 5,623.06 | 5,544.33 | 4,796.08 | 17,133.88 | 13,985.84 | 23,493.49 | 5,822.62 | 6,663.94 | 4,831.88 | 18,705.47 | 14,117.63 | 24,055.12 |
| 3 | **"Net Profit / (Loss) for the period before tax** (after Exceptional and/or Extraordinary items)" | 5,625.61 | 5,188.38 | 4,796.08 | 16,285.48 | 13,985.84 | 23,493.49 | 5,825.17 | 6,307.99 | 4,831.88 | 17,857.07 | 14,117.63 | 24,055.12 |
| 4 | **"Net Profit / (Loss) for the period after tax** (after Exceptional and/or Extraordinary items)" | 4,105.20 | 3,908.96 | 3,630.16 | 12,091.85 | 10,270.29 | 17,336.67 | 4,212.09 | 4,949.56 | 3,672.39 | 13,409.69 | 10,305.88 | 17,714.79 |
| 5 | **"Total Comprehensive Income for the period** [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]" | 4,055.16 | 3,906.43 | 3,632.23 | 12,036.88 | 10,276.50 | 17,327.96 | 4,162.05 | 4,947.02 | 3,674.46 | 13,354.72 | 10,312.09 | 17,706.08 |
| 6 | **Paid-up Equity Share Capital** | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 |
| 7 | **"Reserves (excluding Revaluation Reserve)** [as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year]" | - | - | - | - | - | 82,067.37 | - | - | - | - | - | 81,898.06 |
| 8 | **"Earnings Per Share (face value of ₹ 10/- each)** (for continuing and discontinued operations) -" | | | | | | | | | | | | |
| | Basic (₹) [not annualized, except for the year ended] | 2.34 | 2.23 | 2.57 | 6.89 | 7.26 | 11.57 | 2.30 | 2.78 | 2.59 | 7.46 | 7.28 | 11.76 |
| | Diluted (₹) [not annualized, except for the year ended] | 2.34 | 2.23 | 2.57 | 6.89 | 7.26 | 11.57 | 2.30 | 2.78 | 2.59 | 7.46 | 7.28 | 11.76 |

**Note :**
(I) The above information has been extracted from the detailed standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter and nine month ended 31st December 2025 filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said financial results are available on the website of Stock Exchanges i.e. National Stock Exchange Limited viz www.nseindia.com, BSE Limited viz bseindia.com and on the company's website viz www.eiel.in.
(ii) The above results of Enviro Infra Engineers Limited ("the Company") and its subsidiaries ("the Group"), jointly controlled entities for the quarter and nine months ended 31st December, 2025 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on 9th February, 2026. The statutory auditors have carried out a limited review on these results and issued an unmodified conclusion.

**For and on behalf of Board of Directors**
**Sd/-**
**Manish Jain**
**Managing Director**
**DIN: 02671522**

Place: New Delhi
Date: 09-02-2026

# THEJO ENGINEERING LIMITED

CIN: L27209TN1986PLC012833
Registered Office: 3rd Floor, VDS House, No. 41, Cathedral Road, Chennai– 600 086. Ph: 044-42221900 Fax: 044-42221910; Email: investor@thejo-engg.com; Website: www.thejo-engg.com

**Extract of the Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2025**

(All Figures are Rs.In lakhs unless stated otherwise)

| Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ended | Quarter ended | Quarter ended | Nine months ended | Nine months ended | Previous year ended | Quarter ended | Quarter ended | Quarter ended | Nine months ended | Nine months ended | Previous year ended |
| | 31.12.2025 | 30.09.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2025 | 31.12.2025 | 30.09.2025 | 31.12.2024 | 31.12.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2025 |
| | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total Income from Operations | 13268.51 | 12627.56 | 11169.02 | 36964.26 | 31316.72 | 43645.79 | 16225.46 | 15310.64 | 13557.68 | 45091.85 | 39954.45 | 55273.55 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 1715.70 | 2316.59 | 1751.78 | 5309.64 | 4864.60 | 6733.68 | 1447.64 | 1998.78 | 1818.68 | 4777.19 | 4599.93 | 6816.99 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items) | 1442.59 | 2316.59 | 1751.78 | 5036.53 | 4864.60 | 6733.68 | 1174.53 | 1998.78 | 1818.68 | 4504.08 | 4599.93 | 6816.99 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after exceptional items) | 1078.09 | 1722.98 | 1298.98 | 3743.68 | 3611.21 | 5000.57 | 838.69 | 1410.87 | 1383.66 | 3225.43 | 3572.77 | 5230.99 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1056.13 | 1690.32 | 1316.20 | 3766.32 | 3612.73 | 5002.42 | 960.98 | 1759.62 | 1063.63 | 4001.14 | 3413.70 | 5186.66 |
| Equity Share Capital | 1084.72 | 1084.64 | 1084.52 | 1084.72 | 1084.52 | 1084.59 | 1084.72 | 1084.64 | 1084.52 | 1084.72 | 1084.52 | 1084.59 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | | 25475.06 | | | | | | 28693.30 |
| Earnings per equity share of Face Value of Rs. 10/- each (for continuing and discontinued operations) (not annualised) | | | | | | | | | | | | |
| (a) Basic (in Rs.) | 9.94 | 15.89 | 11.98 | 34.52 | 33.36 | 46.17 | 8.20 | 13.92 | 12.14 | 30.81 | 32.03 | 46.07 |
| (b) Diluted (in Rs.) | 9.94 | 15.88 | 11.98 | 34.51 | 33.34 | 46.15 | 8.20 | 13.92 | 12.13 | 30.80 | 32.00 | 46.04 |

Notes :
1) The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results are available on the website of the Stock Exchange (www.nseindia.com) and also on the website of the Company at the following webpage: https://www.thejo-engg.com/investors/FinancialResults. The same can be accessed by scanning the QR Code given below.
2) The financial results have been approved by the Board of Directors of the Company at their Meeting held on 09th February, 2026, after review by the Audit Committee. The standalone and consolidated financial results have been subjected to a limited review by M/s. Brahmayya & Co, Chartered Accountants, the Statutory Auditors of the Company.

By Order of the Board
For Thejo Engineering Limited
Sd/-
**V A George**
Executive Chairman
DIN 01493737

Place : Chennai
Date : 09th February 2026

# Kkalpana Industries (India) Limited

**CIN: L19202WB1985PLC039431**
**Regd Office: Bhasa, No. 14, P.O & P.S. Bishnupur, Diamond Harbour Road, South 24 Parganas-743503, West Bengal**
**Telephone:+ 91-033-4064 7843**
**E-Mail: kolkata@kkalpana.co.in, Website: www.kkalpanagroup.com**

**EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE 3RD QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER 2025**

*Rs. In Lacs (except per share data)*

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | Nine months ended | | Year ended |
| | | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 1089.08 | 663.03 | 2755.97 | 3067.01 | 4049.90 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | 17.21 | 12.28 | 30.18 | 58.34 | 69.27 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before Tax, (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 17.21 | 12.28 | 30.18 | 58.34 | 69.27 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 1.48 | 1.12 | 76.27 | 34.75 | 68.73 |
| 5 | Total comprehensive income for the period (Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)) | 11.14 | 1.12 | 85.93 | 34.75 | 66.33 |
| 6 | Equity Share Capital | 1881.46 | 1881.46 | 1881.46 | 1881.46 | 1881.46 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in Audited Balance Sheet of the previous year | | | | | 1777.96 |
| 8 | Earnings per share (of Rs. 2/- each) (for continuing and discontinuing operations) | | | | | |
| | Basic: | 0.00 | 0.00 | 0.08 | 0.04 | 0.07 |
| | Diluted: | 0.00 | 0.00 | 0.08 | 0.04 | 0.07 |

**Note:**
1) The above is an extract of the detailed format of Un-Audited Financial Results for the 03rd quarter and nine-months ended 31st December, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Un-Audited Financial Results for the 03rd quarter and nine-months ended 31st December, 2025, are available on the website of the BSE Ltd (www.bseindia.com) & The Calcutta Stock Exchange Limited (www.cse-india.com) and that of the Company (www.kkalpanagroup.com)
2) The Un-Audited Financial Results for the 03rd quarter and nine-months ended 31st December, 2025 have been reviewed by the Audit Committee and have also been approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 9th February, 2026.
3) The company is engaged primarily in the business of re-processed plastic compounds which constitute single reporting segment. Accordingly, the company is a single segment company in accordance with "Indian Accounting Standards 108 Operating Segment".
4) The figures for the corresponding previous period has been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to the current period figures.

For **Kkalpana Industries (India) Ltd**
**Sd/-**
**Dr. Pranab Ranjan Mukherjee**
**(DIN: 00240758)**
**Whole Time Director**

**Place: Kolkata**
**Date: 9th February 2026**

**Continuous** Excellence **Through** Performance

## NOTICE

# DSP MUTUAL FUND

**NOTICE** is hereby given that DSP Trustee Private Limited, the Trustee to DSP Mutual Fund ('Fund') has approved the distribution under Income Distribution cum Capital Withdrawal ('IDCW') Option(s) of the below mentioned scheme(s) of the Fund.

**Record Date*: February 12, 2026**

| Name of Scheme(s) | Plan(s) | Option(s) | Quantum of IDCW (₹ per Unit)# | Face Value (₹ per Unit) | Net Asset Value ('NAV') as on February 06, 2026 (₹ per unit) |
|---|---|---|---|---|---|
| DSP ELSS Tax Saver Fund | Direct | IDCW | 0.600000 | 10.00 | 96.225 |
| DSP ELSS Tax Saver Fund | Regular | IDCW | 0.600000 | 10.00 | 24.015 |
| DSP Small Cap Fund | Direct | IDCW | 5.000000 | 10.00 | 62.907 |
| DSP Small Cap Fund | Regular | IDCW | 4.500000 | 10.00 | 56.848 |
| DSP World Mining Overseas Equity Omni FoF (erstwhile known as DSP World Mining Fund of Fund) | Direct | IDCW | 1.600000 | 10.00 | 31.4063 |

# The per unit rate is same for individual and other category of investors. *If in case the Record Date falls on a non-Business Day, the immediately following Business Day shall be the Record Date. Distribution of the above IDCW is subject to the availability and adequacy of distributable surplus. **Pursuant to payment of IDCW, the NAV of the IDCW Option(s) of the aforesaid Scheme(s) of the Fund would fall to the extent of payout and statutory levy, if any.**
IDCW amount will be paid to all those Unit Holders/Beneficial Owners whose names appear in the records of the Registrar and Transfer Agent, Computer Age Management Services Limited/statement of Beneficiary Owners maintained by the Depositories under the IDCW Option(s) of the aforesaid Scheme(s) as on the Record Date. The Payout shall be subject to tax deducted at source (TDS) as applicable.Unit holders are advised to update change of address / bank details, if any, with depository participant(s) in advance of the Record Date.

Any queries/clarifications in this regard may be addressed to: **DSP ASSET MANAGERS PRIVATE LIMITED** CIN: U65990MH2021PTC362316, nvestment Manager for DSP Mutual Fund ('Fund'). The Ruby, 25th Floor, 29, Senapati Bapat Marg, Dadar (West), Mumbai – 400028. Tel. No.: 91-22-66578000, Toll-free: 1800 208 4499 or 1800 200 4499 Email ID: service@dspim.com Website: www.dspim.com

Unit holders are requested to update their PAN, KYC, email address, mobile number, nominee details with AMC and are also advised to link their PAN with Aadhaar Number. Additionally, Unit holders can view the Investor Charter, check for any unclaimed redemptions, Income Distribution cum Capital Withdrawal ('IDCW') payments or any inactive and unclaimed folios on the Fund's website.

Place: Mumbai
Date: February 09, 2026

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

# Gujarat Informatics Limited

GIL Enabling e-Governance
**Block No. : 2, 2nd Floor, Karmayogi Bhavan, Sector 10, Gandhinagar-382010 (Gujarat).**

## NOTICE INVITING BIDS

GIL invites Bid through GeM portal for implementation of 64 nos. of VC Solution for various jails across Gujarat state for Office of the Director General of Police, Jails and Correctional Administration, Gujarat State, Ahmedabad. **(Bid No.: GEM/2026/B/7153082).**
**For more details visit to: https:/gil.gujarat.gov.in & GeM portal.**

**- Managing Director**

# AVADH SUGAR & ENERGY LTD

CIN: L15122UP2015PLC069635
Registered Office: P.O. Hargaon, Dist. Sitapur (U.P.), Pin - 261 121
Email: avadhsugar@birlasugar.org; Website: www.avadhsugar.com
Phone (05862) 256220 Fax (05862) 256225

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**
**Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities**

Pursuant to SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, a Special Window has been opened by the Company, from February 05, 2026 to February 04, 2027, to facilitate transfer and dematerialisation of physical securities which were sold/purchased prior to April 01, 2019. The Special Window shall also be available for such transfer requests which were lodged prior to April 1, 2019 and were rejected/returned/not attended to due to deficiency in the documents/process/or otherwise.

During this period, the securities that are lodged/re-lodged for transfer (including those requests that are pending with the Company/RTA, as on date) shall be issued only in demat mode. However, due process shall be followed for such transfer-cum- demat requests.

Shareholders who wish to avail the opportunity are requested to submit the original security certificate(s), transfer deed and all other documents listed in the Circular, to the Company's Registrar and Share Transfer Agent, i.e., MUFG Intime India Private Limited at Rasoi Court, 5th Floor, 20, Sir R. N. Mukherjee Road, Kolkata 700001, India to enable further processing and transfer of shares, in compliance with the applicable laws.

**By Order of the Board**
**For Avadh Sugar & Energy Limited**
**Prashant Kapoor**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS - 15576**

**Date : February 9, 2026**
**Place : Kolkata**

# SUPRAJIT ENGINEERING LIMITED

**Regd Office: No 100 & 101, Bommasandra Industrial Area, Anekal Taluk, Bengaluru-560 099.**
**Website - www.suprajit.com, email - info@suprajit.com**
**CIN - L29199KA1985PLC006934**

**Statement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and nine months ended December 31, 2025** (Rs. In Millions)

| Sl No | Particulars | STANDALONE | | | | | | CONSOLIDATED | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | For the Quarter ended | | | Nine Months ended | | Year ended | For the Quarter ended | | | Nine Months ended | | Year ended |
| | | 31.12.2025 Unaudited | 30.09.2025 Unudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited | 31.12.2025 Unaudited | 30.09.2025 Unudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | **Total Income from operations** | 4,940.61 | 4,873.84 | 4,563.74 | 13,714.53 | 12,832.95 | 17,184.63 | 9,789.57 | 9,410.22 | 8,315.75 | 27,828.94 | 24,000.28 | 32,769.52 |
| 2 | **Net profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items # )** | 985.59 | 1,112.57 | 786.02 | 2,752.73 | 2,522.69 | 3,241.23 | 486.19 | 811.91 | 602.83 | 2,007.85 | 1,471.55 | 1,973.59 |
| 3 | **Net profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and / or extraordinary items # )** | 914.48 | 1,112.57 | 786.02 | 2,681.62 | 2,522.69 | 3,241.23 | 408.04 | 811.91 | 602.83 | 1,929.70 | 1,471.55 | 1,973.59 |
| 4 | **Net profit / (Loss) for the period after tax (after tax, exceptional and / or extraordinary items # )** | 710.26 | 884.47 | 607.84 | 2,087.50 | 1,982.72 | 2,527.28 | 125.27 | 509.48 | 334.10 | 1,115.60 | 720.28 | 992.65 |
| 5 | **Total comprehensive income for the period [Comprising profit / Loss for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]** | 719.31 | 871.88 | 606.95 | 2,038.51 | 1,961.07 | 2,514.45 | 169.61 | 519.35 | 239.90 | 1,061.03 | 620.28 | 915.36 |
| 6 | **Equity share capital (face value of Re.1/- each per share)** | 137.17 | 137.16 | 137.16 | 137.17 | 137.16 | 137.16 | 137.17 | 137.16 | 137.16 | 137.17 | 137.16 | 137.16 |
| 7 | **Earning per share (of Re.1 each) (for continuing and discontinued operations) Basic** | 5.17 | 6.44 | 4.43 | 15.21 | 14.37 | 18.33 | 0.91 | 3.71 | 2.44 | 8.13 | 5.22 | 7.20 |
| 8 | **Earning per share (of Re.1 each) (for continuing and discontinued operations) Diluted** | 5.17 | 6.44 | 4.43 | 15.20 | 14.34 | 18.31 | 0.91 | 3.71 | 2.43 | 8.13 | 5.21 | 7.19 |

**Note :**
1. The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of thr SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015. The full format of the financial results are available on the stock exchange web sites, at a link **(http://www.bseindia.com/corporates)** and **(https://nseindia.com/corporates)** and on the company's website at **www.suprajit.com.**

**(Rs. In Millions)**

| Particulars | Standalone-YTD | | | Consolidated-YTD | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2025 | 31.12.2024 | Growth% | 31.12.2025 | 31.12.2024 | Growth% |
| Net Revenue from operations | 13,714.53 | 12,832.95 | 6.87 | 27,828.94 | 24,000.28 | 15.95 |

**For and on behalf of the Board of Directors**
**K. AJITH KUMAR RAI**
Chairman
(DIN - 01160327)

**Place : Bengaluru**
**Date : February 09, 2026**

# उतार-चढ़ाव बढ़ा तो खुदरा हिस्सा घटा

## एनएसई में सूचीबद्ध फर्मों में उनका प्रत्यक्ष निवेश घटकर चार साल के निचले स्तर पर आया

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 9 फरवरी

उतार-चढ़ाव में इजाफा और पिछले खराब रिटर्न ने वैयक्तिक निवेशकों के मनोबल पर असर डाला है। देसी शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है। अलबत्ता, वे म्युचुअल फंडों के जरिये अप्रत्यक्ष रूप से इक्विटी में अपनी बचत का निवेश करना जारी रखे हुए हैं।

प्राइम डेटाबेस के आंकड़ों के अनुसार नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में घटकर चार साल के निचले स्तर 7.25 फीसदी पर आ गई। खुदरा निवेशकों का मतलब ऐसे लोगों से है, जिनके पास किसी एक कंपनी में 2 लाख रुपये तक के शेयर हैं।

धनाढ्य निवेशकों यानी एचएनआई, जिनके पास एक ही कंपनी में 2 लाख रुपये से ज्यादा के शेयर हैं, की मौजूदगी भी घटी है और सितंबर तिमाही में उनकी हिस्सेदारी 2.09 फीसदी से घटकर 2.03 फीसदी रह गई। नतीजतन, खुदरा और अमीर निवेशकों का कुल स्वामित्व तीन साल के निचले स्तर 9.28 फीसदी पर आ गया।

बाजार के जानकारों ने वैयक्तिक स्तर पर प्रत्यक्ष निवेश की वैल्यू में गिरावट का मुख्य कारण स्मॉल और मिड-कैप शेयरों में तेज गिरावट को बताया। निफ्टी अभी जनवरी 2026 के अपने बंद उच्चस्तर से महज 1.8 फीसदी दूर है, जबकि निफ्टी स्मॉल कैप इंडेक्स 11.6 फीसदी दूर है। व्यापक बाजार में गिरावट के कारण खुदरा निवेशक 2025 में 1,714 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल बन गए, जबकि 2024 में उन्होंने 1.67 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की थी। पिछले साल 12 महीनों में से सात महीनों में खुदरा निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे।

इक्विनॉमिक्स के संस्थापक जी. चोकालिंगम ने कहा, स्मॉल और मिडकैप सेगमेंट के कुछ शेयरों में 20 फीसदी से 50 फीसदी तक की गिरावट आई है। आम तौर पर वैयक्तिक निवेशकों का इन सेगमेंट में ज्यादा निवेश होता है। पिछले एक साल में कुल बाजार पूंजीकरण में अग्रणी 250 शेयरों का हिस्सा तेजी से बढ़ा है जबकि मिड और स्मॉलकैप शेयरों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट ज्यादा तेज रही है।

चोकालिंगम ने कहा कि आने वाली तिमाही में खुदरा और एचएनआई शेयरधारिता की वैल्यू बहाल हो सकती है क्योंकि स्मॉल और मिडकैप सेगमेंट में मूल्यांकन कम हो गए हैं और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद बाजार के मनोबल में सुधार हुआ है।

प्रत्यक्ष व्यक्तिगत स्वामित्व में कमी आई। लेकिन घरेलू संस्थागत दबदबा और मजबूत हुआ। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की होल्डिंग 30 सितंबर, 2025 के 18.28 फीसदी के स्तर से बढ़कर 18.72 फीसदी के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं, जिसे तिमाही के दौरान 2.1 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से समर्थन मिला। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से घरेलू म्युचुअल फंडों के निवेश की वजह से हुई, जिनकी हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 11.1 फीसदी हो गई। प्राइम डेटाबेस समूह के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा, आने वाली तिमाही में म्युचुअल फंड विदेशी निवेशकों को पीछे छोड़ सकते हैं। यह रुझान 2016 में नोटबंदी के बाद शुरू हुआ और कोविड-19 के दौरान इसमें तेज़ी आई। एसआईपी के जरिये लगातार मिले खुदरा निवेश के बल पर म्युचुअल फंडों ने इस तिमाही में शुद्ध रूप से 1.1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,765 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

लगातार बिकवाली के दबाव के बीच दिसंबर तिमाही में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी और गिरकर 13 साल के निचले स्तर 16.6 फीसदी पर आ गई। इसके बावजूद, एफपीआई निवेशक कैटेगरी में सबसे असरदार आवंटक के तौर पर उभरे। इस तिमाही में एफपीआई के मालिकाना हक वाले शेयरों की औसत कीमत में 7.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद घरेलू संस्थानों का नंबर आया, जिनके शेयरों की औसत कीमत में 2.4 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके उलट, खुदरा निवेशकों के मालिकाना हक वाले शेयरों की औसत कीमत में 10.3 फीसदी की गिरावट आई, जो स्वामित्व वाली सभी श्रेणियों में सबसे बड़ी थी।

### नकारात्मक रिटर्न का असर

| तिमाही | खुदरा निवेश (फीसदी) | तिमाही | खुदरा निवेश (फीसदी) |
|---|---|---|---|
| 30 सितंबर 2021 | 7.15 | 31 दिसंबर 2023 | 7.59 |
| 31 दिसंबर 2021 | 7.35 | 31 मार्च 2024 | 7.53 |
| 31 मार्च 2022 | 7.44 | 30 जून 2024 | 7.66 |
| 30 जून 2022 | 7.42 | 30 सितंबर 2024 | 7.62 |
| 30 सितंबर 2022 | 7.35 | 31 दिसंबर 2024 | 7.71 |
| 31 दिसंबर 2022 | 7.25 | 31 मार्च 2025 | 7.52 |
| 31 मार्च 2023 | 7.5 | 30 जून 2025 | 7.55 |
| 30 जून 2023 | 7.51 | 30 सितंबर 2025 | 7.45 |
| 30 सितंबर 2023 | 7.63 | 31 दिसंबर 2025 | 7.25 |

स्रोत : प्राइम डेटाबेस
नोट : एनएसई में सूचीबद्ध फर्मों के कुल एमकैप में खुदरा हिस्सेदारी



सवाल जवाब

# स्मॉलकैप और मिडकैप पर और दबाव संभव

**ऐम्बिट कैपिटल में इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के प्रमुख नितिन भसीन का कहना है कि बाजार अपने 'कंसंट्रेशन साइकल' के आधे रास्ते में है। इसका मतलब है कि लंबे समय तक सीमित उतार-चढ़ाव रहेगा, जिसमें मिडकैप और स्मॉलकैप काफी कमजोर दिखेंगे। मुंबई में समी मोडक को दिए इंटरव्यू में भसीन ने कहा कि लार्जकैप की तुलना में मिड और स्मॉलकैप के मूल्यांकन अभी भी महंगे हैं और उन्हें एक उचित स्तर पर आने की जरूरत है। बातचीत के मुख्य अंशः**



**जब ज्यादातर उभरते बाजार (ईएम) बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं तो भारतीय बाजार में कमजोरी क्यों है?**

भारत के बाहर बैठे निवेशकों के पास आज ज्यादा विकल्प हैं। पहले, जब दूसरे उभरते बाजार संघर्ष कर रहे थे, तो भारत सबसे अच्छा परफॉर्मर था। लेकिन अब चक्र बदल गया है क्योंकि पिछले एक साल में कमाई में बदलाव के मामले में भारत ईएम देशों में सबसे खराब प्रदर्शन कर रहा है। वैश्विक निवेशक दूसरे ईएम देशों में निवेश कर रहे हैं, जिससे भारत का मूल्यांकन ऐतिहासिक औसत से नीचे जा रहा है, खासकर निर्माण और कमोडिटी से जुड़े सेक्टरों में।

**दुनिया भर में सुरक्षित परिसंपत्ति वर्ग और कमोडिटीज बेहतर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं?**

डॉलर पर घटती निर्भरता, एआई-आधारित परिसंपत्ति-केंद्रित निवेश और देशों में विनिर्माण से विश्व में ठोस परिसंपत्तियों का चक्र चल रहा है। पहले, चीन अकेला खरीदार था। अब, कई देश फैक्ट्रियां, रक्षा क्षमताएं और इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन बना रहे हैं। इससे मोलभाव की क्षमता कमोडिटी उत्पादकों के पास चली जाती है। यही कारण है कि धातु, ऊर्जा, रक्षा और विनिर्माण क्षेत्रों के निर्यातक यूरोप, जापान, कोरिया और ताइवान में विश्व स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

**क्या आप अपने स्ट्रक्चरल मार्केट साइकल फ्रेमवर्क को समझा सकते हैं? आज हम उस चक्र में कहां हैं?**

हमने कंसंट्रेशन-फ्रेग्मेंटेशन फ्रेमवर्क का उपयोग करके भारत के 22 वर्षों के बाजार इतिहास का विश्लेषण किया है। हमने शीर्ष 500 शेयरों के स्क्वैर्ड फ्री-फ्लोट बाजार पूंजीकरण का उपयोग करके एक इंडेक्स बनाया, जो हरफिंडल-हिर्शमैन इंडेक्स के समान है। भारत में, आमतौर पर बुल मार्केट से फ्रेग्मेंटेशन होता है। अमेरिका में, बुल मार्केट से कंसंट्रेशन होता है क्योंकि वैश्विक आय मुट्ठी भर मेगा-कैप कंपनियों को मिलती है। सितंबर 2024 में, हमने लिखा था कि भारत ने 30-36 महीने के बढ़ते कंसंट्रेशन साइकल में प्रवेश किया है। फ्रेग्मेंटेशन फेज सितंबर 2024 के आसपास खत्म हो गया। अब हम एक कंसंट्रेशन साइकल में हैं जो आमतौर पर लगभग 36 महीनों तक चलता है। मेरा मानना है कि हम इस अवधि के लगभग आधे रास्ते में हैं। इसका मतलब है एक लंबी अवधि में सीमित उतार-चढ़ाव रहेगा, जिसमें लार्जकैप अपेक्षाकृत स्थिर रहते हैं, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप काफी कमजोर प्रदर्शन करते हैं।

**क्या इसका मतलब है कि स्मॉल- ऐंड मिडकैप में दबाव अभी खत्म नहीं हुआ है?**

हां। ऐतिहासिक रूप से इन कंसंट्रेशन फेज में मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट आती है, कीमत और मूल्यांकन दोनों में। पिछली बार की गिरावट में आय वृद्धि का सामान्य होना और मल्टीपल डी-रेटिंग दोनों ही कारण थे। मिड औऱ स्मॉल कैप ने मौजूदा हालात में कुछ नरमी देखी है। लेकिन यह नरमी कम है।

**आय की उम्मीदें भी बार-बार कम की गई हैं। आप अर्निंग साइकल को कैसे देखते हैं?**

विश्लेषक आमतौर पर वर्ष की शुरुआत आशावादी आय अनुमानों (18-20 प्रतिशत वृद्धि) के साथ करते हैं और 9-10 प्रतिशत के करीब रहते हैं। पिछले तीन वर्षों में आय अनुमान काफी हद तक पूरे हुए, जिससे कुछ हद तक आशावाद की झूठी धारणा पैदा हुई। अब हम फिर से आंकड़ों में कटौती कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2026 के लिए पिछले चार वर्षों में नौ महीने की आय में सबसे ज्यादा कटौती हुई है। समस्या सिर्फ धीमी वृद्धि ही नहीं है, बल्कि वृद्धि की गुणवत्ता को लेकर भी है।

# शेयर बाजार को पसंद आया व्यापार करार

## गिरावट पर खरीदें और होल्ड करें : विश्लेषक। सेंसेक्स-निफ्टी 1 फरवरी के निचले स्तर से 5 फीसदी चढ़े

पुनीत वाधवा ऐंड रेक्स कैनो
नई दिल्ली, 9 फरवरी

**भारत** और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापार करार से उत्साहित बाजार ने पिछले पखवाड़े में बीच-बीच में गिरावट के बावजूद मजबूती हासिल की है। बजट के दिन बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली क्योंकि सरकार ने वायदा और विकल्प (एफऐंडओ) सौदों पर एसटीटी बढ़ा दिया। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी 50 सूचकांक 1 फरवरी के निचले स्तर 79,899 और 24,572 से क्रमशः 5 प्रतिशत चढ़ चुके हैं। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी क्रमशः 84,066 और 25,867 के स्तर पर 0.6 प्रतिशत और 0.7 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा स्तरों पर बाजार हाल के घटनाक्रमों की ज्यादातर सकारात्मक बातों को महत्त्व दे रहे हैं। वे निवेशकों को अभी रुकने और लंबी अवधि के नजरिये से शेयर खरीदने के लिए किसी भी गिरावट का उपयोग करने का सुझाव देते हैं। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक और शोध प्रमुख जी चोक्कालिंगम ने कहा कि फिलहाल,बाजारों के लिए अल्पावधि से मध्यावधि नजरिए से सबसे बुरा दौर खत्म होता दिख रहा है।

उनका मानना है, 'यूरोपीय संघ और अमेरिका भारत के निर्यात का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस कारण शेयर बाजार के दृष्टिकोण से भी ये करार महत्त्वपूर्ण हैं। रुपये के भी स्थिर होने की उम्मीद है और विदेशी निवेशकों के धीरे-धीरे वापस आने की संभावना है। निवेशक अल्पावधि से मध्यावधि नजरिए से स्मॉल-ऐंड मिड-कैप शेयर खरीद सकते हैं।'

लेकिन अल्फानीति फिनटेक के सह-संस्थापक एवं निदेशक यू आर भट्ट थोड़े सतर्क हैं। हालांकि वे इस बात से सहमत हैं कि व्यापार समझौतों ने यूरोपीय संघ और अमेरिका के रुख के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है, लेकिन जहां तक इन दो गंतव्यों के लिए भारत से आयात का संबंध है, उन्हें उम्मीद है कि स्पष्टता सामने आने पर बाजार भारत-अमेरिका व्यापार करार की बारीकियों पर प्रतिक्रिया देंगे।

उन्होंने कहा, 'व्यापार करार को लेकर स्थिति स्पष्ट होने पर बाजारों के प्रतिक्रिया दिए जाने की उम्मीद है। हालांकि, अभी जैसी स्थिति है, बाजार घटनाक्रमों से मिलने वाले सकारात्मक संकेतों को पूरी तरह से अनुकूल मानकर चल रहा है। बेहतर होगा कि निवेशक अभी रुकें और (लार्जकैप में) तभी निवेश करें जब निफ्टी में मौजूदा स्तर से 2-3 प्रतिशत की गिरावट आए।'

सेक्टरों के लिहाज से इस अवधि में निफ्टी एनर्जी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 7-10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सेक्टर रहे हैं। दूसरी ओर एसीई इक्विटी के आंकड़े से पता चला है कि निफ्टी आईटी लगभग 7 प्रतिशत की गिरावट के साथ एकमात्र सर्वाधिक गिरावट वाला सेक्टर रहा है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ डेरिवेटिव ऐंड टेक्निकल विश्लेषक नंदीश शाह का सुझाव है कि निफ्टी 25,800 के स्तर पर बाधा का सामना कर रहा है और इससे ऊपर बंद होने के बाद यह 26,100 के स्तर तक जा सकता है। शाह ने कहा, 'गिरावट की स्थिति में निफ्टी को 25,500-25,550 के स्तर के आसपास मजबूत समर्थन मिलने की संभावना है।'

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर के अनुसार निफ्टी वर्तमान में अपने सभी प्रमुख मूविंग एवरेज (20-, 50-, 100- और 200-जिन के ईएमए) से ऊपर कारोबार कर रहा है, जो एक मजबूत टेक्निकल सेटअप दर्शाता है।

### व्यापार करार से उपजी उम्मीदों व एसबीआई की मजबूत आय से चढ़े बाजार

**अमेरिका** के साथ व्यापार समझौते के लिए अंतरिम ढांचे और देश के सबसे बड़े ऋणदाता- भारतीय स्टेट बैंक- की मजबूत कमाई के बाद सोमवार को भारतीय शेयर चढ़ गए। इससे मनोबल बेहतर हुआ। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से भी बाजार को सहारा मिला। निफ्टी 50 इंडेक्स 0.68 फीसदी बढ़कर 25,867.3 पर पहुंच गया जबकि बीएसई सेंसेक्स 0.58 फीसदी के इजाफे के साथ 84,065.75 पर टिका। 16 प्रमुख सेक्टरों में से पंद्रह में तेजी आई जबकि स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स में क्रमशः 2.6 फीसदी और 1.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के शेयर 7.5 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए और उम्मीद से बेहतर तिमाही मुनाफे और पूरे साल के लिए ऋण वृद्धि का आउटलुक बढ़ाने के बाद निफ्टी 50 में सबसे ज्यादा फायदा हुआ। इस कदम से पीएसयू बैंक के शेयरों में 3.3 फीसदी और वित्तीय शेयरों में 1.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

विश्लेषकों ने कहा कि मोटे तौर पर सकारात्मक कमाई, खासकर मिड और स्मॉलकैप कंपनियों में, बाजार के मनोबल को भी सहारा दे रही है। आईआईएफएल कैपिटल ने कहा, ज्यादातर सेक्टरों में बिक्री, एबिटा व लाभ में तेजी देखी गई और इसमें स्मॉल कैप शेयर सबसे आगे रहे। कमाई में गिरावट कम हो रही है। अपग्रेड जल्द ही शुरू होने चाहिए।

टेक्सटाइल, सीफूड, ज्वैलरी और एरोस्पेस सप्लायर्स जैसे एक्सपोर्ट से जुड़े सेक्टरों में शुक्रवार को तब उछाल आई, जब अमेरिका और भारत व्यापार समझौते के करीब आए और एक अंतरिम फ्रेमवर्क जारी किया। इससे टैरिफ कम होंगे, एनर्जी संबंधों को नया रूप मिलेगा और आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। *रॉयटर्स*

# एनएसई को उम्मीद, एसटीटी बढ़ोतरी की समीक्षा होगी

खुशबू तिवारी
मुंबई, 9 फरवरी

**नैशनल** स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) को उम्मीद है कि आम बजट में घोषित प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में हाल ही में हुई बढ़ोतरी की समीक्षा की जाएगी। एक्सचेंज के प्रबंधन ने सोमवार को विश्लेषकों से बातचीत के दौरान यह बात कही। कारोबारी समुदाय और उद्योग के लोगों के सुझावों का जिक्र करते हुए प्रबंधन ने कहा कि उसे कर बढ़ोतरी को लेकर उठाई गई चिंताओं के बारे में पता है।

प्रबंधन ने कहा, हमारे लिए यह अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल है कि इसकी वजह से वायदा के वॉल्यूम पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी हमने समय-समय पर एसटीटी की दरों में बढ़ोतरी देखी है। लेकिन हमने वॉल्यूम पर कोई खास नकारात्मक असर नहीं देखा है। इसलिए, मुमकिन है कि वॉल्यूम बाजार के प्रतिभागियों द्वारा समायोजित कर लिया जाए।

बजट में वित्त मंत्री ने वायदा पर एसटीटी को पहले के 0.02 फीसदी से बढ़ाकर ट्रेडेड प्राइस का 0.05 फीसदी करने की घोषणा की। ऑप्शंस के लिए कर ऑप्शन प्रीमियम के 0.1 फीसदी से बढ़कर 0.15 फीसदी हो जाएगा, जबकि ऑप्शंस की खरीद-फरोख्त पर लगने वाला टैक्स आंतरिक कीमत का 0.125 फीसदी से बढ़कर 0.15 फीसदी होगा।

एक्सपायरी के दिन सिंगल-स्टॉक डेरिवेटिव के लिए कैलेंडर स्प्रेड मार्जिन बेनिफिट को वापस लेने के बाजार नियामक के हालिया फैसले के संभावित असर पर विश्लेषकों के सवालों का जवाब देते हुए एक्सचेंज ने कहा कि ब्रोकर एसोसिएशन ने नियामक के सामने अपनी बात रखी है और तर्क दिया है कि पिछले एक साल में सिंगल-स्टॉक ऑप्शन और फ्यूचर्स में छोटे निवेशकों की भागीदारी कम हुई है।

अपनी लिस्टिंग के लिए सेबी से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद एनएसई ने अपनी आईपीओ कमेटी को फिर से बनाया है और एक्सचेंज के गवर्निंग बोर्ड ने ओएफएस के जरिए पब्लिक इश्यू को मंजूरी दे दी है।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा एसबीआई का शेयर

निकिता वशिष्ठ
नई दिल्ली, 9 फरवरी

**भारतीय** स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद विश्लेषकों के लिए सबसे पसंदीदा शेयर के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। इस सरकारी बैंक की कमाई ने बाजार के अनुमानों को अच्छे खासे अंतर से पीछे छोड़ दिया है। लगातार तीसरी तिमाही में एसबीआई की मुख्य कमाई प्राइवेट बैंकों से बेहतर रही है। इस कारण भी कुछ ब्रोकरेज फर्मों ने शेयर पर अनुमान और कीमत लक्ष्य बढ़ा दिए हैं।

एमके ग्लोबल फाइनैंशियल सर्विसेज़ ने वित्त वर्ष 26-28 के लिए कमाई का अपना अनुमान 2 से 4 फीसदी बढ़ा दिया है और कीमत लक्ष्य बढ़ाकर 1,225 रुपये कर दिया है। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने भी वित्त वर्ष 27 के लिए अपनी कमाई का अनुमान 3 फीसदी और वित्त वर्ष 28 के लिए 4.3 फीसदी बढ़ा दिया है। उसने वित्त वर्ष 27 के लिए रिटर्न ऑन ऐसेट (आरओए) और रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) क्रमशः 1.1 फीसदी और 15.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। ब्रोकरेज ने भी शेयर कार कीमत लक्ष्य बढ़ाकर 1,300 रुपये कर दिया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार एसबीआई के शेयर को ट्रैक करने वाले 49 विश्लेषकों में से 42 ने इसे खरीद की रेटिंग दी है।

एक्सचेंजों में एसबीआई के शेयर की कीमत नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 7.8 फीसदी बढ़ी और इंट्राडे ट्रेडिंग में 1,150 रुपये प्रति शेयर के नए सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। शेयर ने जून 2024 के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज की।

### तीसरी तिमाही के नतीजे

शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक ने अब तक का सबसे ज्यादा 21,028 करोड़ रुपये का तिमाही लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की तुलना में 24.5 फीसदी ज्यादा है। इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पिछले साल की तुलना में 9 फीसदी बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2 आधार अंक बढ़कर 2.99 फीसदी पर पहुंच गया। हालांकि, टैक्स रिफंड पर ब्याज को समायोजित करने के बाद मुख्य एनआईएम तिमाही आधार पर 1 आधार अंक कम हो गया। प्रबंधन को उम्मीद है कि आरबीआई के हालिया नियामकीय दिशानिर्देश से रीट्स और विलय व अधिग्रहण फाइनैंसिंग में उधारी के मौके खुलेंगे। इससे पहले से ही मजबूत कॉरपोरेट फंडिंग और बढ़ेगी।

जेएम फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज के विश्लेषकों ने अपनी खरीद की रेटिंग बरकरार रखी और कीमत लक्ष्य 1,140 रुपये से बढ़ाकर 1,250 रुपये कर दिया।

### सबसे अच्छी परिसंपत्ति गुणवत्ता

एसबीआई की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार जारी रहा। इसमें सकल और शुद्ध फंसे कर्ज में तिमाही आधार पर 3 आधार अंक की कमी आई। सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां और शुद्ध एनपीए अनुपात में भी तिमाही आधार पर क्रमशः 15 आधार अंक और 3 आधार अंक का सुधार हुआ और यह 1.57 फीसदी और 0.39 फीसदी रहा। विश्लेषकों ने बताया कि कई सालों में एसबीआई की यह सबसे अच्छी परिसंपत्ति गुणवत्ता में से एक थी।

### एसबीआई का मार्केटकैप 10 लाख करोड़ रुपये के पार

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण सोमवार को पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। तीसरी तिमाही में मजबूत कमाई के चलते इसके शेयर में 7.5 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद एमकैप नई ऊंचाई पर पहुंचा। सरकारी बैंक के शेयर अब तक के सर्वोच्च स्तर 1,146 रुपये पर बंद हुए। इस तरह कंपनी का मूल्यांकन 10.6 लाख करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई अभी देश की 5वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। उससे ऊपर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का स्थान है। पिछले एक साल में एसबीआई के शेयरों में 55 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो निफ्टी 50 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन है। *बीएस*


**एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड**
EiE EMPOWERING GREEN PLANET...
सीआईएनः L37003DL2009PLC191418
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर 201, दूसरी मंजिल, आरजी मेट्रो आर्केड, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली-110085
फोनः 011-40591549, ईमेलः ho@eiepl.in, वेबसाइटः www.eiel.in

**31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैण्ड अलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 23,971.36 | 22,519.77 | 25,248.63 | 70,743.80 | 67,420.66 | 107,114.75 | 25,847.72 | 24,139.34 | 25,279.41 | 74,906.33 | 68,180.09 | 108,546.86 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 5,623.06 | 5,544.33 | 4,796.08 | 17,133.88 | 13,985.84 | 23,493.49 | 5,822.62 | 6,663.94 | 4,831.88 | 18,705.47 | 14,117.63 | 24,055.12 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 5,625.61 | 5,188.38 | 4,796.08 | 16,285.48 | 13,985.84 | 23,493.49 | 5,825.17 | 6,307.99 | 4,831.88 | 17,857.07 | 14,117.63 | 24,055.12 |
| 4 | कर पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 4,105.20 | 3,908.96 | 3,630.16 | 12,091.85 | 10,270.29 | 17,336.67 | 4,212.09 | 4,949.56 | 3,672.39 | 13,409.69 | 10,305.88 | 17,714.79 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल] | 4,055.16 | 3,906.43 | 3,632.23 | 12,036.88 | 10,276.50 | 17,327.96 | 4,162.05 | 4,947.02 | 3,674.46 | 13,354.72 | 10,312.09 | 17,706.08 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 | 17,553.00 |
| 7 | आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर (जैसा कि गत वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में प्रदर्शित है) | - | - | - | - | - | 82,067.37 | - | - | - | - | - | 81,898.06 |
| 8 | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) (सतत तथा असतत परिचालनों हेतु) - | | | | | | | | | | | | |
| | बेसिक (रु.) [वार्षिकीकृत नहीं, समाप्त वर्ष को छोड़कर] | 2.34 | 2.23 | 2.57 | 6.89 | 7.26 | 11.57 | 2.30 | 2.78 | 2.59 | 7.46 | 7.28 | 11.76 |
| | डाइल्यूटेड (रु.) [वार्षिकीकृत नहीं, समाप्त वर्ष को छोड़कर] | 2.34 | 2.23 | 2.57 | 6.89 | 7.26 | 11.57 | 2.30 | 2.78 | 2.59 | 7.46 | 7.28 | 11.76 |

**टिप्पणी :**
(i) उपरोक्त जानकारी सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के विस्तृत स्टैंडअलोन और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश है। उक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com, बीएसई लिमिटेड यानी bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट यानी www.eiel.in पर उपलब्ध है। (ii) एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड ('कंपनी') और उसकी सहायक कंपनियों ('समूह') के उपरोक्त परिणाम, 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और 9 फरवरी, 2026 को हुई बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है। वैधानिक लेखा परीक्षकों ने इन परिणामों पर एक सीमित समीक्षा की है और एक असंशोधित निष्कर्ष जारी किया है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
हस्ता./-
मनीष जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 02671522

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 09-02-2026